**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 892**

**04 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए**

**तमिलनाडु में मलजल शोधन संयंत्रों का निर्माण**

**†892.श्री डी. एम. कथीर आनंदः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु में, विशेषकर वेल्लोर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में, अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के अंतर्गत मलजल शोधन संयंत्रों का निर्माण किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने तमिलनाडु में नगर निगमों और नगर निकायों को अमृत के अंतर्गत मलजल शोधन संयंत्रों की स्थापना के लिए कोई वित्तीय सहायता प्रदान की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) तमिलनाडु में, विशेषकर वेल्लोर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में, जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेडएलडी) प्रणालियों और सामान्य अपशिष्ट शोधन संयंत्रों को चालू करने के लिए औद्योगिक इकाइयों को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (ग): स्वच्छता राज्य का विषय है और सीवरेज शोधन संयंत्रों (एसटीपी) को लगाना और उनका प्रबंधन करना राज्य सरकारों और संबंधित शहरी स्थानीय निकायों/शहरी विकास प्राधिकरणों की ज़िम्मेदारी है। भारत सरकार योजनाबद्ध उपायों/परामर्शिकाओं के माध्यम से राज्यों के प्रयासों में सहायता प्रदान करती है। सरकार अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) और अमृत 2.0 जैसी विभिन्न योजनाओं/मिशनों के माध्यम से राज्यों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करती है।

अमृत के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को परियोजनाओं के चयन, मूल्यांकन, प्राथमिकता निर्धारण और कार्यान्वयन का अधिकार दिया गया है।

अमृत पोर्टल पर राज्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, अमृत के तहत 5,670.8 करोड़ रुपए की 18 सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाएँ शुरू की गई हैं, जिनमें 500 मिलियन लीटर प्रति दिन (एमएलडी) क्षमता वाले 9 सीवरेज शोधन संयंत्रों की क्षमता को बढ़ाना शामिल है। राज्य ने अमृत के तहत ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज (ज़ेडएलडी) सिस्टम/कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) शुरू नहीं किए हैं।

वेल्लोर लोक सभा क्षेत्र में, राज्य ने 885.91 करोड़ रुपए की लागत से 03 सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाएँ शुरू की हैं, जिनमें 69.21 एमएलडी क्षमता के 2 एसटीपी शामिल हैं।

अमृत के अंतर्गत, तमिलनाडु राज्य में ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज (ज़ेडएलडी) सिस्टम / कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) को चालू करने के लिए औद्योगिक इकाइयों को कोई निधि जारी नहीं की गई है।

*****